

# निजी कॉलेजों से निकलते हैं सवा 14 सौ डिप्लोमा होल्डर

## कॉलेजों की जिम्मेदारी सिर्फ फीस वसूली तक सीमित, शैक्षणिक निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं



नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. तकनीकी ज्ञान और डिप्लोमा सर्टिफिकेट के नाम पर जिले में चल रहे निजी कॉलेजों में हो रही खुली लूट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है हर साल सवा चौदह सौ डिप्लोमाधारी एक जिले से निकल रहे हैं.अभिवावको की जेब मे डाले जा रहे इस डाके में हर छात्र से निर्धारित शुल्क से ज्यादा वसूली की जा रही है. इसकी निगरानी की कोई व्यवस्था नही है.**

बेहतर भविष्य और आधुनिक सुविधाओं की चाह में इन कॉलेजों का रुख करने वाले छात्र अब खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। जिले में संचालित निजी तकनीकी डिप्लोमा कॉलेजों द्वारा निर्धारित शुल्क से कहीं अधिक पैसों की वसूली की जा रही है, जिससे अभिभावक आर्थिक रूप से परेशान हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इन निजी शिक्षण संस्थानों पर लगाम कसने या इनकी निगरानी करने वाला कोई नहीं है, जिससे इनके हौसले बुलंद हैं और ये मनमाने ढंग से कॉलेज संचालित कर रहे हैं। शहर में मुख्य रूप से 4 निजी कॉलेज पॉलीटेक्निक कोर्सेस का संचालन कर रहे हैं। इन कॉलेजों में विभिन्न तकनीकी शाखाओं में सैकड़ों सीटें आवंटित हैं, जहाँ हर साल बड़ी संख्या में छात्र प्रवेश लेते हैं। तकनीकी शिक्षा की आड़ में इन कॉलेजों ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। न तो तय नियमों का पालन हो रहा है और न ही फीस के मानकों को ध्यान में रखा जा रहा है।

श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट- यहाँ कुल 5 ब्रांच संचालित हैं। इनमें माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर एंड साइंस इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक ब्रांच में 75-75 सीटें स्वीकृत हैं। आदित्य कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस- इस कॉलेज में 6 ब्रांचों का संचालन किया जा रहा है। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सर्वाधिक 112-112 सीटें हैं, जबकि सिविल इंजीनियरिंग, माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और सीमेंट टेक्नोलॉजी में 75-75 सीटें हैं।

विंध्य इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस- यहाँ 5 ब्रांच संचालित हो रही हैं। इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 150-150 सीटें हैं, जबकि सिविल, कंप्यूटर साइंस और माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग में 75-75 सीटें निर्धारित हैं।

### शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी नहीं

इन कॉलेज में कौन छात्रों को प?ा रहा है. उसकी शैक्षणिक योग्यता तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्धारित मापदण्डो के अनुकूल है या नही इसकी निगरानी की कोई व्यवस्था नही है. बताया गया है कि कुछ कालेजो में कुछ ऐसे शिक्षकों को भी सेवा में रखा गया है जो इस शहर में रहते ही नही. ऐसे में सिर्फ सर्टिफिकेट तक सीमित ज्ञान के सहारे इन कालेजो के विद्यार्थी बेरोजगारो की सूची को ब?ा रहे हैं. इस सम्बंध में स्थानीय पॉलिटेक्निक के प्रभारी प्राचार्य से जब जानकारी चाही गई तो उन्होंने किसी प्रकार के हस्तक्षेप का अधिकार नही होने का जिक्र किया. तकनीकी शिक्षा विभाग के संचालक से भी सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भी फोन पर उपलब्ध नही हो सके.



# श्रमिक की करंट से मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

## लंबी समझाइश के बाद पोस्टमार्टम के लिए हुए राजी

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. मिनरल वाटर प्लांट में काम करते समय करंट की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत हो जाने के मामले को लेकर जिला चिकित्सालय की मर्चुरी में जमकर हंगामा देखने को मिला. पुलिस द्वारा काफी देर तक दी गई समझाइश के साथ परिजन किसी तरह मृतक का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हो सके.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरगंज के मुक्ता नगर में संचालित मिनरल वाटर प्लांट में रविवार की रात कार्य करने के दौरान वहां का कर्मचारी अनुज सोंधिया उम्र 21 वर्ष निवासी नई बस्ती करंट की चपेट में आ गया था. बताया गया कि उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया. लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. जिसे देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में भेज दिया था. वहीं सोमवार की सुबह जब मृतक के पोस्टमार्टम की तैयारी की जाने लगी तो परिजनों ने इंकार करते हुए हंगामा शुरु कर दिया. परिजनों का कहना था कि अनुज की मौत में प्लांट प्रबंधन की सीधी लापरवाही है. प्रबंधन द्वारा उन्हें अनुज के घायल होने की सूचना दी गई थी. जिसके बाद प्लांट प्रबंधन के लोगों ने अपना फोन बंद कर लिया. वहीं जब वे भागते हुए जिला चिकित्सालय पहुंचे तो वहां पर उन्हें अनुज का शव पड़ा मिला.

इसी कड़ी में परिजनों ने प्लांट प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ 15 लाख रु के मुआवजे की मांग रख दी. पुलिस बल के साथ मौजूद थाना प्रभारी प्रीति विश्वकर्मा ने परिजनों को समझाइस देनी शुरु की. लंबी चली समझाइस के बाद परिजन किसी तरह मृतक का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हो गए.



# चेम्बर ने जीएम से भेंटकर की कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के जनरल मैनेजर (जी.एम) दिलीप कुमार सिंह के सतना प्रवास के अवसर पर विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना के अध्यक्ष सतीश सुखेजा एवं महामंत्री मनोज कटारे ने सांसद चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, चेम्बर के पूर्व महामंत्री संदीप कुमार जैन, चेम्बर के वरिष्ठ सदस्य रविन्द्र सिंह सेठी, कन्हैयालाल पोहानी के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।**


चेम्बर महामंत्री मनोज कटारे ने बताया कि सतना शहर एवं व्यापारिक हितों से जु? महत्वपूर्ण विषयों पर जनरल मैनेजर (जी.एम) का ध्यान आकर्षित कराया गया। चेम्बर ने आग्रह किया कि सतना रेलवे स्टेशन के समीप स्थित माल गोदाम (गुड्स शेड) को शहर के बाहर कैमा में स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, जिससे स्टेशन क्षेत्र में यातायात का दबाव कम हो तथा शहरवासियों एवं व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कैमा स्थित माल गोदाम की साइट का सांसद एवं जी.एम साहब के साथ चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने स्थल निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया जी.एम ने 6 माह के अंदर माल गोदाम शिफ्ट करने का आश्वासन दिया है। कैमा स्टेशन से नई यात्री गाड़ियो के संचालन के रेल विभाग के निर्णय का स्वागत करते हुए चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा जी ने सुगम यातायात के लिए मुख्यारगंज से कैमा स्टेशन के पहुंच मार्ग को अतिक्रमण मुक्त और स?क के चैड़ीकरण की मांग की।

# हाईवे पर 5 गौवंशों की मौत : तड़पती रहीं गायें, खाली निकली 'संजीवनी' एंबुलेंस

नवभारत न्यूज

**मैहर, 13 जुलाई. जिले के नरोरा के पास नेशनल हाईवे पर रविवार देर रात एक अज्ञात वाहन द्वारा 7 गौवंशों को कुचलने की घटना ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं.**

इस दर्दनाक हादसे में 5 गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हैं. लेकिन इस त्रासदी ने सिर्फ एक हादसे को नहीं, बल्कि जिले में आवारा पशुओं के प्रबंधन और पशु चिकित्सा सेवाओं की बदहाली को भी पूरी तरह बेनकाब कर दिया है. संजीवनी एंबुलेंस में दवा नहीं, तड़पती रहीं घायल



गायें हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए संजीवनी पशु एंबुलेंस को फोन किया. एंबुलेंस मौके पर पहुंची जरूर, लेकिन वह सिर्फ एक शो-पीस साबित हुई प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार के लिए जरूरी इंजेक्शन और जीवन रक्षक दवाएं तक उपलब्ध नहीं थीं तड़पती हुई घायल गायों को समय पर इलाज नहीं मिल सका, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ गई.बाद में उन्हें किसी तरह जिला पशु चिकित्सालय भेजा गया, जहां वे जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही हैं. बड़ा सवाल यह है कि अगर 49 गौशालाएं चल रही हैं, तो हजारों मवेशी नेशनल हाईवे पर क्यों बैठे हैं?

### 55 गौशालाएं, फिर भी सड़कों पर मौत का तांडव क्यों?

इस हादसे ने सतना जिले में करोड़ों रुपये की लागत से बनी गौशालाओं के दावों की हवा निकाल दी है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जिले में 61 गौशालाओं को मंजूरी मिली थी, जिनमें से 55 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में 49 गौशालाएं संचालित हैं और इनमें 5540 गौवंश को रखने का दावा किया जा रहा है

# अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप, जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. जिला पंचायत में विकास कार्यों के आवंटन और सरकारी बजट में भारी पक्षपात का आरोप लगाते हुए सदस्यों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है. सदस्यों का आरोप है कि जिला पंचायत में पिछले 4 वर्षों से कमीशन की खुली छूट और मदों की लूट चल रही है.**

शिकायत के मुताबिक, पिछली डी.एम.एफ. कार्य योजना में जहाँ वार्ड-8 को 52 लाख रुपये दिए गए, वहीं जानवी यादव, विमला कोल,



एकता सिंह व मंजू लता सिंह सहित कई सदस्यों के क्षेत्रों में एक भी कार्य स्वीकृत नहीं किया गया. सदस्यों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष द्वारा उनके अनुशंसित कार्यों को निरस्त कर चहेतों को मनमाने ढंग से बजट बांटा जा रहा है. सदस्यों ने बैठक के एजेंडे में राय न लेने, आरटीआई में अधूरी जानकारी देने, बगदरा घाटी गौशाला में लापरवाही से गायों की मौत और मत्स्य विभाग में राशि गबन के भी गंभीर आरोप लगाए हैं. सदस्यों ने सीईओ से आगामी बैठक से पहले पिछले 4 वर्षों के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट सार्वजनिक करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है.

# सतना मार्शल आर्ट अकादमी 35 गोल्ड के साथ बना चैंपियन

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. जिला ताईक्कांडो संघ के तत्वावधान में पांचवी जिला ताईक्कांडो प्रतियोगिता - 2026 का आयोजन रविवार 12 जुलाई को भरहुत नगर स्थित जयपुरिया स्कूल में बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।**

प्रतियोगिता का नेतृत्व संघ के सचिव एवं नेशनल रेफरी डॉ. संदीप भारती के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में जिले भर से लगभग 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस



प्रतियोगिता में नन्हे खिलाडियों का उत्साह देखने योग्य था। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व संयुक्त संचालक अंजनी त्रिपाठी, श्री श्यामकिशोर द्विवेदी, सहायक संचालक, पुष्पराज सिंह गुन्ना ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिला ताइक्कांडो संघ के सचिव डा. संदीप भारती द्वारा खेल का परिचय कराया गया साथ ही क्योंरुगी और पूमसे क डेमोंस्ट्रेशन किया गया! प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रत्यास्पर्धा देखने को मिली! खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों के लंच की व्यवस्था भी संघ द्वारा की गई थी!

# राज्यमंत्री के आश्वासन पर पीएमजीएसवाई ठेकेदारों का धरना समाप्त

## 15 दिन के अवकाश पर भेजे गए महाप्रबंधक, आरोपों की होगी जांच

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के ठेकेदारों का एक सप्ताह से चल रहा धरना-प्रदर्शन सोमवार को खत्म हो गया।**

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद ठेकेदारों ने आंदोलन वापस ले लिया। इस बीच पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक को 15 दिन के अवकाश पर भेज दिया गया है।



राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी सोमवार को धरना स्थल पहुंचीं और ठेकेदारों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतें मुख्यमंत्री के सामने रखी जाएंगी। पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे को कैबिनेट की अगली बैठक में भी उठाया जाएगा। मंत्री के आश्वासन के बाद पीएमजीएसवाई संविदाकार संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए आंदोलन स्थगित किया है। हालांकि, तय समय में कार्रवाई नहीं होने पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से पीएमजीएसवाई के ठेकेदार महाप्रबंधक पर भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगाकर आंदोलन कर रहे थे।

# डीईओ के बाद कलेक्टर एवं जेडी रीवा ने संलग्नीकरण समाप्ति का जारी किया आदेश

## डीईओ के आदेश को नहीं माने संलग्न शिक्षक

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. जिले में संलग्नीकरण समाप्त करने के लिए पहले शिक्षा विभाग के मुखिया ने फिर जिला कलेक्टर एवं जेडी रीवा ने भी आदेश जारी किया.**

यह आदेश आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा 5 जुलाई 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। इसके बाद सोमवार को कलेक्टर एवं जेडी रीवा द्वारा भी जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि जिले में किसी भी स्तर पर यदि कोई शिक्षक या गैर-शैक्षणिक कर्मचारी अपनी मूल पदस्थापना से हटकर किसी अन्य संस्था अथवा कार्यालय में संलग्न होकर कार्य कर रहा है, तो उसका संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त माना जाएगा। संबंधित कर्मचारियों को बिना विलंब अपनी मूल संस्था में उपस्थित होकर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा। शिक्षा विभाग के इस फैसले को जिले के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने और शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### शुरू हुई नेतागिरी

डीईओ द्वारा निर्देश जारी होने के बाद सोमवार को कलेक्टर एवं जेडी रीवा के आदेश जारी होने के बाद व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे बीएसी-सीएसी सक्रिय हो गए और आनन फानन डीईओ में मुलाकात कर ऐसी व्यवस्था पर जोर दिया गया कि शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त न हो बल्कि एजुकेशन पोर्टल पर ऐसी व्यवस्था कर दी जाए कि जैसा अभी तक चल रहा उसी तरह चलता रहे. अब आने वाले दिनों में जारी इन आदेशों की अहमियत कितनी है यह पता चल सकेगा.

### एक नजर में



#### सूबेदार से आरआई बनी पूनम के लगे स्टार

**सतना.** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव पांडे ने सूबेदार पूनम रावत के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें आरआई की नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल भी उपस्थित रहीं।




#### रोटरी क्लब सतना का शपथ ग्रहण समारोह

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 12 जुलाई दिन रविवार को गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्ट वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात पूर्व अध्यक्षों रोटेरियन दिलीप अरोरा, दशरथ अग्रवाल, विनोद गोयल, लखनलाल केसरवानी, डॉ. वी.के. गांधी, सुशील शर्मा, अशोक गुप्ता, शरद पाण्डेय, जितेन्द्र अग्रवाल, गोपाल धूत, राजीव वर्मा, मनोहर डिगवानी, संतोष गुप्ता एवं रोटेरियन केशव बंसल सहित विशिष्ट अतिथियों का सम्मान तथा प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड्स का वितरण किया गया।




#### बेटी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**सतना।** अंकुरण तरु संस्था द्वारा बेटी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश दिया गया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों को पौधारोपण से जोड़ना प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का श्रेष्ठ माध्यम है। बेटी अन्वी केसरवानी के साथ साथ डा. दीपक सोई और विनोद गेलानी के जन्मदिन भी केक काटकर सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की सभी महिला सदस्य और सदस्य मौजूद रहे।




# आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान को मिली रफ्तार

## पतेरी संजीवनी क्लिनिक में विशेष शिविर आज

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला के मार्गदर्शन में नगर निगम क्षेत्र में आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है।**

इसी क्रम में पतेरी संजीवनी क्लिनिक, पतेरी में आयोजित विशेष शिविर का आज सातवां दिन है, जहां बड़ी संख्या में पात्र हितग्राही पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा रहे हैं। यह विशेष शिविर 13 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक संचालित किया जा रहा है। शिविरों की सतत निगरानी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. विनीत गुप्ता (शहरी नोडल अधिकारी) एवं अभिषेक सिंह (जिला सलाहकार) सहित स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा की जा रही है, जिससे अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो रहा है। इस अवसर पर जिला सलाहकार अभिषेक सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों एवं आसपास के क्षेत्रों में निवासरत पात्र नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। शिविर में आधार कार्ड सुधार एवं अपडेट की सुविधा भी उपलब्ध है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त होता है।

# कलेक्टर ने शौर्य संकल्प योजना के 13 युवाओं से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**सतना 13 जुलाई. शौर्य संकल्प योजना-2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्निवीर एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले सतना जिले के 13 युवाओं ने सोमवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस से भेंटकर संवाद किया।**

इन युवाओं में मोहित कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, मुस्कान साहू, आनंद केवट, शिवम कुशवाहा, छोटू कुशवाहा, राहुल साहू, हरिओम साहू, आयुष सिंह, विकास रजक, अंकित यादव, सचिन अहीर, योगेंद्र कुशवाहा तथा राहुल पटेल शामिल हैं। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी सफ ल प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में फर्स्टएड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 जुलाई. प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) में तीन दिवसीय फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13.से 15 जुलाई तक 03 बैचों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई।**

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम - सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र



मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, रीवा से डॉ. आनंद महिन्द्रा, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, विजय तिवारी एवं जगजीवन पाण्डेय प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से दिनेश अग्रवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, ओम प्रकाश वर्मा, अनुज भूतड़ा एवं राजेश कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रशिक्षकों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने फर्स्ट एड प्रशिक्षण के महत्व तथा कार्यस्थल पर इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मनीष कुमार सिंह (प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड) तथा डॉ. मनीष कुमार सिन्हा (हेड - एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स एंड हेड - कॉर्पोरेट एचआर) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 15 जुलाई को किया जाएगा।